कार्यालय उप परियोजना निदेशक
जैफ–6, पौड़ी गढ़वाल

Email Id:- paurigef6@gmail.com

पत्रांक 89 / 7–2 (जैफ–6) / पौड़ी / 2023-24 / दिनॉक 21./09/2023

सेवा में,

1. मुख्य विकास अधिकारी, पौड़ी गढ़वाल।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग, पौड़ी।
3. प्रभागीय वनाधिकारी, सिविल सोयम, पौड़ी।
4. जिला विकास अधिकारी, पौड़ी।
5. प्रभारी अधिकारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, भरसार पौड़ी।
6. जिला पंचायतीराज अधिकारी, पौड़ी।
7. मुख्य कृषि अधिकारी, पौड़ी।
8. जिला उद्यान अधिकारी, पौड़ी।
9. उद्यान विशेषज्ञ, कोटद्वार।
10. मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, पौड़ी।
11. अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई, पौड़ी।
12. जिला प्रबन्धक, नाबार्ड, पौड़ी।
13. जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास परियोजना, पौड़ी।
14. खण्ड विकास अधिकारी, यमकेश्वर, जहरीखाल, दुगड्डा, एकेश्वर, द्वारीखाल, बीरोंखाल, एवं पोखड़ा।
15. कृषि एवं भूमि सरक्षण अधिकारी, कोटद्वार।
16. परियोजना प्रबन्धक, उरेड़ा, पौड़ी।
17. जलागम प्रबन्ध निदेशालय के प्रतिनिधि।
18. खाद्यय एवं कृषि संगठन संस्था के प्रतिनिधि।

विषय :– **ग्रीन एग्रीकल्चर परियोजना जैफ–6 के अन्तर्गत दिनांक 11.09.2023 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि ग्रीन एग्रीकल्चर परियोजना जैफ–6 की बैठक दिनांक 11.09.2023 को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल की अध्यक्षता में सम्पन्न की गई है। उक्त बैठक का कार्यवृत्त संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट कीजियेगा।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

भवदीय

For उप परियोजना निदेशक
जैफ–6,
पौड़ी प्रभाग, पौड़ी

पत्रांक / 7–2 (जैफ–6) / पौड़ी / 2023-24 / तद्दिनांकित

प्रतिलिपि :–

1. अध्यक्ष / जिलाधिकारी, जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति, पौड़ी गढ़वाल को अवलोकनार्थ प्रेषित।

उप परियोजना निदेशक
जैफ–6,
पौड़ी प्रभाग, पौड़ी

जिलाधिकारी, पौड़ी गढ़वाल की अध्यक्षता में दिनांक 11.09.2023 को जिला कार्यालय सभागार, पौड़ी में आहूत जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति की बैठक का कार्यवृत्त।

शासनादेश संख्या 70/7–2 (टी0एस0जी0 बैठक)/2023–24 दिनांक 28.08.2023 के अनुपालन में दिनांक 11.09.2023 को जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति की वर्ष 2023–24 की बैठक का आयोजन जिला कार्यालय सभागार, पौड़ी में किया गया। जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा हाइब्रिड मोड प्रतिभाग किया गया, जिनकी उपस्थिति निम्नानुसार है–

क्र0सं0	अधिकारी का नाम	पदनाम
1	श्री राकेश सिन्हा	परियोजना निदेशक एफ0ए0ओ0,एन0एम0यू0,नई दिल्ली
2	सुश्री देवाश्री नायक	सामाजिक एवं जेंडर विशेषज्ञ एफ0ए0ओ0,एन0एम0यू0,नई दिल्ली (ऑनलाईन)
3	डॉ0 रश्मि लिंबू	विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र, भरसार, पौड़ी/सदस्य (ऑनलाईन)
4	डॉ0 दीपिका चौहान	विशेषज्ञ कृषि विज्ञान केन्द्र, भरसार, पौड़ी/सदस्य
5	श्री नितीज नौटियाल	सहायक पंचायतीराज अधिकारी, पौड़ी/सदस्य
6	श्री राजेश तिवारी	जिला उद्यान अधिकारी, पौड़ी/सदस्य
7	श्री प्रभाकर सिंह	उद्यान विशेषज्ञ, कोटद्वार
8	श्रीमती लकी शाह	सहायक वन संरक्षक, वन विभाग पौड़ी
9	श्री प्रमोद काला	जलागम विभाग पौड़ी
10	सुश्री राजेश्वरी सिंह	परियोजना प्रबन्धक, उरेडा, पौड़ी गढ़वाल/सदस्य
11	श्री मनोज सेमवाल	आई0सी0टी0 विशेषज्ञ जलागम प्रबन्ध निदेशालय के प्रतिनिधि
12	सुश्री गीता रावत	जेंडर एक्सपर्ट, जी0एल0आई0यू0 कोटद्वार पौड़ी
13	श्री सुरेंद्र सिंह	ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत बुकण्डी, यमकेश्वर (ऑनलाईन)

सर्वप्रथम उप परियोजना निदेशक/सदस्य सचिव, जैफ–6, पौड़ी द्वारा प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। तत्पश्चात् अध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उप परियोजना निदेशक द्वारा जैफ–6, ग्रीन एजी0, परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया गया, जिसमें परियोजना के उद्देश्यों, संस्थागत ढांचा एवं परियोजना के रिजल्ट फ्रैमवर्क से सदस्यों को परिचित कराया गया।

साथ ही परियोजना निदेशक एन0पी0एम0यू0, नई दिल्ली ग्रीन एजी जैफ–6 परियोजना द्वारा जिलाधिकारी महोदय को परियोजना से अवगत कराया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों की अनुपस्थिति को लेकर रोष व्यक्त किया गया एवं केंद्राभिसरण (कन्वर्जेन्स) की प्रगति को लेकर भी असंतोष व्यक्त किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा 10 दिन के भीतर सभी संबंधित विभागों के साथ कन्वर्जेन्स प्लान पर कार्यशाला करके कन्वर्जेन्स प्लान प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

अध्यक्ष महोदय द्वारा इको क्लब गतिविधियों पर निर्देशित किया गया कि तकनीकी मार्गदर्शन समिति की आगामी बैठक में शिक्षा विभाग को भी शामिल किया जाये व विभागीय स्तर पर समन्वयन स्थापित कर उचित इको क्लब गतिविधियों का प्लान किया जाये।

श्री मनोज सेमवाल, एस0पी0एम0यू0, देहरादून के द्वारा Crop suitability map का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें अध्यक्ष महोदय द्वारा Crop suitability map के आंकडों का पुनः परीक्षण कराया जाने हेतु निर्देशित किया गया क्योंकि प्रस्तुत किये गये आंकडों में error आने की वजह से क्रॉप सुटेबिलिटी मैप त्रुटिपूर्ण बनने की संभावना बनी रहेगी।

(डॉ0 सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव)
उप परियोजना निदेशक, जैफ–6
पौड़ी गढ़वाल

अवलोकित

जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल/
अध्यक्ष, जिला स्तरीय तकनीकी एवं मार्गदर्शन समिति